कमजोर तबकों, निराश्रित एवं जरूरतमंद परिवारों को अब 15 दिन के लिए दी जायेगी ड्राई राशन सामग्री - खाद्य एवं नागरिक आपूर्ति मंत्री

District : dipr
Department :
VIP Person : General
Press Release
State News
Attached Document :
RK-12-05-2020-09.docx (http://103.203.138.54/news/206554/document/RK-12-05-2020-09.docx)

DESCRIPTION

कमजोर तबकों, निराश्रित एवं जरूरतमंद परिवारों को
अब 15 दिन के लिए दी जायेगी ड्राई राशन सामग्री
- खाद्य एवं नागरिक आपूर्ति मंत्री

जयपुर, 12 मई। प्रदेश में कमजोर तबकों, निराश्रित एवं जरूरतमंद परिवारों को ड्राई राशन सामग्री उपलब्ध कराने के लिए कम अवधि में बार-बार व्यवस्था करनी पड़ती है, इससे इन परिवारों को भी समय पर राशन नहीं मिलने से परेशानी होती है। इसे देखते हुए राज्य सरकार द्वारा अब 15 दिन के लिए 4 सदस्य प्रति परिवार के आधार पर एक साथ 15 किग्रा आटा या गेहूं, 1 लीटर खाद्य तेल, 1 किग्रा नमक, 2 किग्रा दाल एवं 2 किग्रा चावल की निःशुल्क ड्राई राशन सामग्री उपलब्ध करवाई जायेगी।

खाद्य एवं नागरिक आपूर्ति मंत्री श्री रमेश चन्द मीना ने बताया कि प्रदेश में लॉकडाउन अवधि के दौरान पहले जरूरतमंद परिवारों को कम समयावधि में बार-बार ड्राई राशन सामग्री उपलब्ध करानी पड़ती थी। अब इस समस्या से निजात दिलाने के लिए एक साथ 15 दिवस के लिए ड्राई राशन सामग्री देने का निर्णय लिया गया है।

खाद्य मंत्री ने बताया कि जिन परिवारों को वर्तमान में रोटेशन के आधार पर पूर्व में निर्धारित मात्रानुसार राशन सामग्री वितरित की जा चुकी है, उन्हें जरूरत के हिसाब से नवीन मात्रानुसार राशन सामग्री प्रदान की जा सकेगी।

उल्लेखनीय है कि प्रदेश में मार्च माह में लॉकडाउन शुरू होने के साथ ही कमजोर तबकों, निराश्रित एवं जरूरतमंद परिवारों को 5 किग्रा आटा, 1/2 लीटर खाद्य तेल, 1/2 किग्रा नमक, 1 किग्रा दाल एवं 1 किग्रा चावल निःशुल्क ड्राई राशन सामग्री उपलब्ध कराने का निर्णय लिया गया था।

SUPPORTING IMAGES